हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
गुरुवार, 28 नवम्बर 2013, बरेली, पांच प्रदेश, 18 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

छात्रों ने जाने विज्ञान व गणित के आयाम

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

श्री राममूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी में इंस्पायर इंटर्नशिप-2013 का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में दो सौ ट्रेनी छात्र-छात्राओं को विज्ञान और गणित के विभिन्न आयामों से रूबरू होने का मौका मिला।

बुधवार को पहले मेंटर के रूप में नेशनल अकादमिक एंड काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नालॉजी उत्तर प्रदेश के सदस्य प्रो. लक्ष्मीकांत शर्मा ने छात्रों की विज्ञान से जुड़ी शंकाओं का समाधान किया। उन्होंने प्रायोगिक उदाहरणों पर विशेष जोर दिया।

एसआरएमएस में बुधवार को इंस्पायर इंटर्नशिप-2013 का आयोजन किया गया।

डा. लक्ष्मीकांत ने नमक में आयोडीन का प्रयोग और पानी में वायरस को मापने की किट भी दिखाई। उन्होंने इमैजिनेशन, क्रिएशन, नॉलेज, स्किल और एक्शन को सफलता का पंचभुज बताया। साथ ही अंधविश्वास की अवधारणाओं को विज्ञान के विविध प्रयोगों के जरिए गलत साबित करके भी दिखाया। दूसरे मेंटर के रूप में डा. प्रभाकर गुप्ता ने गणित की पहेलियों के माध्यम से विभिन्न समस्याओं का समाधान किया। मुख्य अतिथि श्री राममूर्ति ट्रस्ट की सदस्य रिचा मूर्ति, ट्रस्ट प्रशासक सुभाष मेहरा, प्रो. जगन्नाथ साहू, रतीश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, मुस्तकीम अब्दुल्ला आदि मौजूद रहे।